शिक्षक भर्ती पेपर लीक के मास्टर माइंड भूपेन्द्र सारण की ''अधिगम कोचिंग'' को जल्द ध्वस्त कर सकता है जेडीए



-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण ने जयपुर के गोपालपुरा बायपास पर ''अधिगम कोचिंग'' खोल रखी है, जिसे जेडीए प्रशासन जल्द ही ध्वस्त कर सकता है। शुक्रवार को जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी और उनकी टीम अचानक गुर्जर की थड़ी चौराहे पर स्थित अधिगम कोचिंग सेंटर पर पहुंची और नाम-जोख की। यह कोचिंग सेंटर पेपर लीक गिरोह के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण व उसके पार्टनर धर्मेन्द्र चौधरी व छाजूलाल जाट ने खोल रखी है। जिस बिल्डिंग में यह कोचिंग सेंटर चल रहा है, वह अनिल अग्रवाल निवासी 644, महावीर नगर प्रथम टोंक रोड जयपुर का रहने वाला है।

जेडीए मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी खुद शुक्रवार दोपहर 12 अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान जोन 5 के अधिकारी भी साथ रहे। टीम ने बिल्डिंग का तकनीकी परीक्षण किया। इस दौरान टीम ने एक-एक कमरा, बालकनी, छत की नाप-जोक की। जीरो सेटबैक को कवर कर करीब 10 फीट तक अतिक्रमण सामने आया, वहीं बिल्डिंग के तीन ओर सेटबैक को कवर करते हुए अवैध निर्माण पाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि ''अधिगम कोचिंग'' जिस बिल्डिंग में चल रही है। यह 4 मंजिला इमारत बिना जेडीए की अनुमति बनाई हुई है। यहां पर कई गंभीर बिल्डिंग बायलॉज का वॉयलेशन है।

- **जयपुर में गोपालपुरा बायपास पर स्थित इस 4 मंजिला व्यावसायिक इमारत को जांचने शुक्रवार को मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी पहुंचे**
- **जेडीए की बिना अनुमति दो आवासीय भूखंडों को जोड़कर बनाई गई है यह अवैध व्यावसायिक इमारत**
- **जेडीए टीम ने बिल्डिंग का तकनीकी परीक्षण किया तो यहां जीरो सेटबैक को कवर कर 10 फीट तक अतिक्रमण मिला**

यह व्यावसायिक इमारत आवासीय कॉलोनी के दो भूखंडों को मिलाकर जेडीए की बिना अनुमति बनी है। जिस में बेसमेंट के अलावा 4 मंजिला व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। शुक्रवार को जेडीए की प्रतर्वन टीम ने जयपुर विकास प्राधिकरण एक्ट की धारा 32 और 72 के तहत अलग-अलग नोटिस जारी किए है। सेटबैक पर निर्माण और सड़क पर अतिक्रमण को लेकर यह नोटिस जारी किए है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद जेडीए प्रशासन इस बिल्डिंग पर कार्रवाई कर सकता है।

'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के लिए जिम्मेदारी सौंपी

जयपुर, (का.प्र.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार करते हुए आगामी 26 जनवरी से प्रदेश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान प्रारम्भ होगा। अभियान को सफल बनाने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश के सभी जिलों में जिले के गाँव व ब्लॉकों में स्थानीय प्रमुख कांग्रेसजनों से समन्वय स्थापित करने के लिए जिला समन्वयक नियुक्त किए हैं।

अभियान आगामी 26 जनवरी से प्रारम्भ होकर दो माह तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने हेतु नियुक्त सभी जिला समन्वयक अपने से संबंधित जिले व जिले के अन्तर्गत आने वाले गाँव एवं ब्लॉकों में स्थानीय प्रमुख कांग्रेसजनों से समन्वय स्थापित कर अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करेंगे, साथ ही सभी समन्वयक अपने से संबंधित जिले में चलने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की एक विस्तृत रिपोर्ट राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भिजवाएंगे। जिला समन्वयकों में डॉ. खानू खाँ बुधवाली को जयपुर, डूंगरराम गेदर को जोधपुर, पंकज मेहता को झालावाड़, सुरेन्द्र दादरी को चूरू, सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत को भीलवाड़ा, रामसहाय बाजिया को श्रीगंगानगर, पवन गोदारा को बीकानेर, बृजकिशोर शर्मा को भरतपुर, महावीर सोगानी को अलवर, मंजू शर्मा को झुंझुनूं, रामसिंह राव को डूंगरपुर, किशनलाल जैदिया को हनुमानगढ़, कीर्ति भील को बाड़मेर, मीनाक्षी चन्द्रावत को चित्तौड़गढ़, राजेन्द्र सिंह सोलंकी को सिरोही, लक्ष्मण कडवासरा को जैसलमेर, महेश शर्मा को टोंक, अवधेश दिवाकर बैरवा को करौली, सत्येन्द्र भारद्वाज को कोटा, मुमताज मसीह को अजमेर, मदन गोपाल मेघवाल को धौलपुर, उमाशंकर शर्मा को बूंदी, शंकर यादव को प्रतापगढ़, डॉ. अर्चना शर्मा को दौसा की जिम्मेदारी दी गई है।

सांगानेर में प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनाक्रोश सभा में उमड़ा जनसैलाब

जयपुर। सांगानेर में आयोजित जनाक्रोश महासभा में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग, विधायक डॉ.अशोक लाहोटी जयपुर लोकसभा सांसद रामचरण बोहरा, जयपुर शहर जिला अध्यक्ष राघव शर्मा उपस्थित रहे।

सांगानेर विधानसभा में जन आक्रोश महासभा को संबोधित हुए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि राजस्थान की जनता भ्रष्टाचारी अशोक गहलोत सरकार छुटकारा चाहती है, बदलाव चाहती है, कांग्रेस झूठे सपने दिखाकर सत्ता में आई, प्रदेश में शिक्षा और रोजगार का बुरा हाल, परीक्षा का पेपर लीक हो जाता है, परिणाम रद्द हो जाता है, यह प्रदेश के नौजवानों के साथ धोखा है राणा वीरों की धरती राजस्थान ब्लात्कार, अपराध घटनाओ में राजस्थान देश मे सबसे आगे है, प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है, राज्य सरकार ने 7 करोड़ जनता द्वारा दिये गए जनाधार का अपमान किया। प्रदेश में सरकार के प्रति जनता में हेट का वातावरण है, राजस्थान में भ्रम पैदा करने का काम किया जा रहा है, टुकड़े-टुकड़े गैंग को सरंक्षण मिलता है, कांग्रेस और देश विरोधियों के बीच रिश्ता क्या है। देशवासी के हृदय में स्थान बनाया और राजस्थान में 2023 में भाजपा की सरकार बनेगी और डबल इंजन की सरकार राजस्थान का सर्वेगींण विकास करेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर बोलते हुए कहा कि यात्रा राहुल गांधी की ट्रेडमिल पर दौड़ना जाने वाली यात्रा है और इसका कोई लक्ष्य नहीं है, कांग्रेस पूरे देश में वेंटीलेटर पर है और राजस्थान में कांग्रेस सरकार की सांसें अटकी हुई हैं, जो कभी भी उखड़ सकती हैं।

कांग्रेस सरकार के कुशासन एवं जंगल राज के खिलाफ भाजपा सांगानेर विधानसभा द्वारा जनाक्रोश महासभा का आयोजन किया गया। इसमें (बायें से) विधायक अशोक लाहौटी, राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग और जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा मौजूद थे।

दो जिलों में 11 नए करोना संक्रमित मिले शुक्रवार को

-कार्यालय संवाददता-

जयपुर। प्रदेश में शुक्रवार को दो जिलों में 11 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं केवल सात मरीज ही रिकवर होने से एक्टिव केस बढ़कर 75 हो गए हैं। हालांकि इस बीच राज्य में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

- **इनमें जयपुर में 10 और सीकर में 1 नया मरीज पाया गया है।**

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में जयपुर में 10 और सीकर में 1 नया संक्रमित मिला है। इससे पहले गुरूवार को राज्य में इतनी ही संख्या में रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज सात स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सर्वाधिक बस्सी में 3 मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा बनीपार्क, चाकसू, मालवीय नगर, मानसरोवर और प्रताप नगर में 1-1 नया मरीज पाया गया है। वहीं 2 मरीजों का पता गलत मिलने पर उन्हें ट्रेस नहीं किया जा सका है। इस बीच प्रदेश में 6216 सैंपल की जांच की गई।

राज्य में शुक्रवार को 7 ही मरीज ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 75 हो गए हैं। इनमें 70 मामले जयपुर में हैं।

बिना एंडोस्कोपी अब थ्री डी इमेज से पेट में ट्यूमर की पहचान होगी

- **इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरॉलजी की ओर से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएसजीकॉन-2023 में डॉक्टर्स ने नई जानकारी साझा की**

जयपुर,(कासं)। पेट में किसी तरह के ट्यूमर या अल्सर का पता करने के लिए अब एंडोस्कोपी की जरूरत नहीं होगी। सिनेप्स नाम की तकनीक से अब बिना एंडोस्कोपी भी ट्यूमर या पॉलिप का पता किया जा सकता है। इस तकनीक से थ्री डी इमेज से पेट की अंदरूनी संरचना देखी जा सकती है। इंडियन सोसायटी ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी की ओर से सीतापुरा स्थित जेईसीसी में चल रही चार दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएसजीकॉन-2023 में डॉक्टर्स ने ऐसी ही नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी।

कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और सीनियर गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. रमेश रूप राय ने बताया कि दूसरे दिन पीजी स्टूडेंट्स ने पोस्टर प्रदर्शित किए। आयोजन सचिव डॉ. संदीप निझावन और ट्रेजरार डॉ. मुकेश कल्ला ने बताया कि हैदराबाद के डॉ. संदीप लखटकिया, कोलकाता के डॉ. महेश गोयंका और लुधियाना के डॉ. अजीत सूद के ऑरेशन सेशन हुए। जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. अनुराग गोविल, डॉ. अमित माथुर और डॉ. सुनील दाधीच ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग सेशन भी आयोजित किया गया।

डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि इमेजिंग से जुड़े क्षेत्र में एक नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाने लगा है, इसे सिनेप्स कहा जाता है। इस तकनीक की मदद से उन मरीजों को लाभ होता है, जिन्हें सामान्य जानकारी चाहिए होती हैं, एंडोस्कोपी नहीं कराना चाहते हैं। वे साधारण सीटी स्कैन से यह करवा सकते हैं। यह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस बेस्ड मशीन होती है। इस मशीन की मदद से सिटी स्केन की रिपोर्ट को थ्री डी इमेज में बदला जा सकता है, जिसके चलते चिकित्सक बड़ी स्क्रीन पर यह इमेज देखकर बीमारी और उसके उपचार के बारे में बेहतर तरीके से निर्णय ले पाते हैं।

अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती-2022 के 1155 पदों के मामले में कोविड सहायक के तौर पर काम कर चुके अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने इन्हें बोनस अंक का लाभ देने को कहा है। अदालत ने कहा कि कोविड के दौरान इन्होंने विषय परिस्थितियों में काम किया है। ऐसे में इन्हें भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता भी मिलनी चाहिए। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश मंजू देवी की याचिका पर दिए।

याचिका में कहा कि याचिकाकर्ता के पास एएनएम का डिप्लोमा है और उसने कोविड के दौरान 26 जुलाई 2021 से 31 मार्च 2022 तक कोविड सहायक के पद पर भी काम किया है।

महाराज देवराज सिंह की पुस्तक का विमोचन

जय महल पैलेस होटल में आयोजित भव्य बैठक में महाराज देवराज सिंह द्वारा रचित पुस्तक 'दूल्हा राय'ज कॉन्क्वैस्ट ऑफ दौसा, द अर्ली हिस्ट्री ऑफ द कछवाहाज' का विमोचन किया गया। महाराज देवराज सिंह, महारानी गायत्री देवी और महाराज मानसिंह के पोते हैं और उन्होंने अपनी किताब के जरिये कछवाहा राजवंश के प्रारंभिक इतिहास के बारे में विस्तार से लिखा है। इस किताब में कछवाहा राजवंश के ढूढ़ाड़/जयपुर पर फतेह पाने से पहले के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया गया है। यह शायद कम ही लोगों को पता होगा कि कछवाहा राजवंश ढूढ़ाड़ से पहले ग्वालियर और नरवर क्षेत्र पर राज्य कर रहे थे। महाराज देवराज सिंह ने उनके पूर्वज दूल्हा राय की मध्यप्रदेश के ग्वालियर क्षेत्र से राजपूताना के ढूढ़ाड़ क्षेत्र में काबिज होने की गाथा का वर्णन किया है। उन्होंने दूल्हा राय के पराक्रम को वर्णित किया है। दूल्हा राय को कछवाहा राजवंश का जनक भी कहा जाता है और इस किताब में उनका राजपूताना में सामरिक व सत्तात्मक चरम शिखर तक पहुंचने के इतिहास के बारे में लिखा गया है, जिसमें दौसा के किले पर उनकी फतेह को सबसे महत्वपूर्ण बताया गया है।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त- प्रथम
राजस्थान आवासन मंडल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर जयपुर
क्रमांक : 13659 **जाहिर आम सूचना** दिं. 06.01.2023

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 110/C/35 (SF) (MIG-B), (एरिया 20.77 वर्ग मीटर) का आवंटन श्री नारायण दास पुत्र स्व. श्री भूरा मल किया गया। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 9581 दिनांक 01-03-2013 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1392/9140 दिनांक 04-01-2018 के द्वारा श्री सुनील सिंह चौहान पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह चौहान के पक्ष में किया गया। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 23.03.2020 को कर दिया गया। श्री सुनील सिंह चौहान की मृत्यु दिनांक 22.11.2022 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती अल्का चौहान पत्नी स्व. श्री सुनील सिंह चौहान द्वारा आवासन मण्डल मे आवास / फ्लैट पर अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास/फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती अल्का चौहान पत्नी स्व. श्री सुनील सिंह चौहान का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। **भवदीय**
संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मं. जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त- प्रथम
राजस्थान आवासन मंडल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर जयपुर
क्रमांक : 13658 **जाहिर आम सूचना** दिं. 06.01.2023

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 80/174 (MIG-B), (एरिया 162.00 वर्गमीटर) का आवंटन श्री सुनील सिंह चौहान पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह चौहान को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1715 दिनांक 03.03.1992 को जारी किया गया था। श्री सुनील सिंह चौहान की मृत्यु दिनांक 22.11.2022 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती अल्का चौहान पत्नी स्व. श्री सुनील सिंह चौहान द्वारा आवासन मण्डल मे आवास पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती अल्का चौहान पत्नी स्व.श्री सुनील सिंह चौहान का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। **भवदीय**
संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मं. जयपुर

आम सूचना दि. 05.01.2023
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती नीना गुप्ता पत्नी श्री शरद गुप्ता निवासी- 108-ए, सिंधु नगर मुरलीपुरा जयपुर, राजस्थान के पति श्री शरद गुप्ता पुत्र श्री कुंदनलाल गुप्ता पता- डी-80 ए, रोड नं. 7 वी.के.आई. एरिया जयपुर द्वारा मेरी अभिभाष्या को लम्बे समय से हैरान-परेशान कर रहे है जिस कारण मेरी अभिभाष्या ने अपने पति शरद गुप्ता को अपने स्वामित्व की संपति 108 - ए, सिंधु नगर मुरलीपुरा जयपुर, राजस्थान से बेदखल कर दिया है अब श्री शरद गुप्ता का मेरी अभिभाष्या की उक्त अचल संपति से कोई लेना-देना शेष नहीं है कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि द्वारा मेरी अभिभाष्या के पति शरद गुप्ता से कोई संव्यवहार किया जाता है तो उससे मेरी अभिभाष्या का कोई लेना-देना नही होगा। सूचित रहे। **भवदीया**
भावना साधनानी (लाज) एडवोकेट, मो. 8239333387

रजिस्टर्ड. नं.-2678/एल दिनांक 19/10/1972
बाबा रामदेव गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड
जयपुर (राज.)
क्रमांक: 1/SP/2022 **सूचना** दिनांक : 27/12/2022
''समिति के सभी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि समिति की आम सभा दिनांक 05.11.2022 के प्रस्ताव संख्या 03 मे सर्वसम्मती से समिति के वर्तमान पंजीकृत कार्यालय 197, ग्राउण्ड फ्लोर, सुभाष कालोनी, शास्त्री नगर, जयपुर के स्थान पर समिति का आज दिनांक के पश्चात् पत्र व्यवहार एवं अन्य कार्यकलापो के लिए पंजीकृत कार्यालय एसएफ-43, सैकण्ड फ्लोर, जयपुर टैक्सटाईल मार्केट, मॉडल टाउन, मालवीया नगर, जयपुर परिवर्तित किया जाना तय किया है जिस बावत समिति के सभी सदस्यो को सूचनार्थ यह सूचना प्रकाशित करवाई जा रही है।''
''अध्यक्ष बाबा रामदेव गृह निर्माण स.स.लि. जयपुर''
अध्यक्ष : बाबारामदेव गृहनिर्माण स.स.लि. जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2496 दिनांक-06.01.2023
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 32/96, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर/वर्गगज का आवंटन श्री निर्मल कुमार पाटनी पुत्र श्री कपूर चन्द पाटनी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3013 दिनांक 24.03.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 23.06.1994 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 205 दिनांक 15.06.1998 के द्वारा श्री निर्मल कुमार पाटनी पुत्र श्री कपूर चन्द पाटनी के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 16.11.2007 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री निर्मल कुमार पाटनी की मृत्यु दिनांक 26.03.2018 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी/पुत्रांन श्रीमती मैना पाटनी पत्नी स्व. श्री निर्मल कुमार पाटनी, श्री विनीत पाटनी एवं श्री धीरज पाटनी पुत्रांन स्व. श्री निर्मल कुमार पाटनी ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती मैना पाटनी पत्नी स्व. श्री निर्मल कुमार पाटनी, श्री विनीत पाटनी एवं श्री धीरज पाटनी पुत्रांन स्व. श्री निर्मल कुमार पाटनी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय
जे.एल.एन.मार्ग, जवाहर सर्किल के पास,
जयपुर-0141-4901853
आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 3-छ-33 जवाहर नगर जयपुर क्षेत्रफल 137.00 वर्ग गज का आवंटन श्री जितेन्द्र नाथ शर्मा पुत्र श्री छुट्टन लाल शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 14534 दिनांक 21.10.1975 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 584 दिनांक 03.04.1979 एवं आवंटन पत्र क्रमांक 138 दिनांक 26.03.1980 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 22.06.1990 को करवाया गया। श्री जितेन्द्र नाथ शर्मा की मृत्यु दिनांक 17.05.2020 को हो जाने के कारण श्री भूषण शर्मा पुत्र स्व. श्री जितेन्द्र नाथ शर्मा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री भूषण शर्मा पुत्र स्व. श्री जितेन्द्र नाथ शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

गोद लेख सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दाखली देवी पत्नी शहीद श्री हरिसिंह निवासी- ज्ञानपुरा, तह.- खण्डेला, जिला-सीकर द्वारा पूर्व में श्री अविनाश रूलानिया पुत्र श्री सुभाष चन्द्र व माता श्रीमती विमला देवी, निवासी- ज्ञानपुरा, तह. खण्डेला, जिला-सीकर को गोद लिया था। इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। भविष्य में अविनाश रूलानिया पुत्र शहीद श्री हरिसिंह व माता दाखली देवी के रूप में पहचाना जायेगा।
घोषणा कर्ता-दाखली देवी पत्नी शहीद श्री हरिसिंह निवासी- ज्ञानपुरा, तह.- खण्डेला, जिला-सीकर मों- 9462207120

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2497 दिनांक-06.01.2023
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 5/8, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 200.00 वर्ग मीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती गीता शंकर माथुर पत्नी श्री दया शंकर माथुर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3801 दिनांक 11.12.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.02.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 179 दिनांक 20.12.1994 के द्वारा श्रीमती गीता शंकर माथुर पत्नी श्री दयाशंकर माथुर के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 26.12.1994 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती गीता शंकर माथुर की मृत्यु दिनांक 04.04.2022 को हो जाने के कारण वसीयतनामा व ट्रस्ट अधिकृत पत्र के आधार पर श्री रवि शंकर ट्रस्ट जरिये अधिकृत श्री विवेक अग्रवाल पुत्र श्री महेश चन्द्र अग्रवाल ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री रवि शंकर ट्रस्ट जरिये अधिकृत श्री विवेक अग्रवाल पुत्र श्री महेश चन्द्र अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे G20
खुली ई-निविदा
ई-टेण्डर नोटिस नं. एसएनटी-जेपी-19-2022-23, दिनांक 04.01.2023, मंडल रेल प्रबंधक/सं. एवं दू. सं., उ.प.रे. जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **1. कार्य का नाम व लोकेशन :** ''जयपुर मंडल के जयपुर-मदार और जयपुर-सवाई माधोपुर खंड में टीटीआर कार्य हेतु (टीडब्ल्यूएस+सीएमएससी) 90 सेट के प्रावधान के लिए सिग्नलिंग कार्य। **2. अनुमानित लागत :** रू. 74,61,774.46, **3. धरोहर राशि रूपये :** रू. 149200.00, **4. वेबसाईट पर टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय :** 27.01.2023 समय 15.00 बजे तक। **5. वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन :** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मं.रे.प्र. कार्यालय पावर हाउस रोड, जयपुर।
16-PR/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

ज्योति शिक्षण संस्थान
नागौर (राज.) द्वारा आयोजित
New Year
हस्तशिल्प मेला
गांधी शिल्प बाजार
30 दिसम्बर 2022 से 08 जनवरी 2023 तक
स्थान : अर्बन हाट, जल महल के सामने जयपुर (राज.)
देश के प्रत्येक राज्य से हस्तशिल्पों द्वारा हस्त निर्मित सामान की बिक्री एवं प्रदर्शनी। जिसमें बाजार भाव से कम दामों पर सामान उपलब्ध होगा।
- एम्ब्रॉइडरी सूट
- फुलकारी सूट
- लकड़ी का सामान
- क्रोशिये का सामान
- आर्टिफिशियल ज्वैलरी
- ब्ल्यू प्रोइट्री
- पंजा दरी * टेडीबियर
- लाख से बनी आईटमें
- पंजाबी जूती
- ड्राई फ्लॉवर

अनेकों अनेक मन लुभावन हस्त निर्मित वस्तुएं
रविवार खुला रहेगा
प्रवेश निःशुल्क
प्रायोजक
कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प)
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

सूचना
वाहन संख्या RJ14VC1001, RJ45CN1001, RJ14MF2779 जो कि मेरे पिताजी मन मोहन धामू के नाम रजिस्टर्ड है। मेरे पिताजी का देहान्त दिनांक 27.11.2022 को हो गया है। और माताजी का देहान्त दिनांक 25.02.2015 को हो चुका है इसलिये मैं गाडी का रजिस्ट्रेशन अपने नाम सौरभ धामू के नाम हस्तान्तरण करवाना चाहता हूँ अगर इसमें मेरी बहन पूजा जांगिड एवं पूनम शर्मा या घर के किसी अन्य सदस्य को कोई आपत्ति हो तो सात दिनों के अन्दर-अन्दर आर.टी.ओ. ऑफिस, झालाना डूंगरी हस्तक्षेप कर सकता है या सम्पर्क कर सकता है।

खोया पाया
जयपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना Composite Scheme सेक्टर-8, विद्याधर नगर, जयपुर के भूखण्ड संख्या CE-53 के मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र व रसीद कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। भगवती देवी चांडक, मो. 7877998041

नाम परिवर्तन
I Aruna Devi Kainya W/o Gouri Shankar Kainya residing at 2392, Triveni Bhawan, Khajane Walon Ka Rasta, Chandpole Bazar, Jaipur 302001 (Raj.). Do hereby solemnly affirm and state that I have changed my name from Aruna Agarwal to Aruna Devi Kainya in future I will be known and called by my changed name.

I have changed my name from Surendra Nath Bhatia to Surinder Nath Bhatia for all future purpose S/o Pran Nath Bhatia R/o 195, Frontier Colony, Adarsh Nagar, Jaipur.

I have changed my name from Mukesh Kumar Pareek to Mukesh Pareek for all purposes R/o- 95-A Rajeev Nagar Naya khera Vidhyadhar Nagar Jaipur (Raj.)

मैंने अपना नाम शिवानी विनोद माथुर से बदलकर शिवानी माथुर पत्नी श्री विनोद माथुर कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता-43 केसर नगर-ए, मुहाना मंडी रोड, सांगानेर, जयपुर

मैंने अपना नाम वंशिका विनोद माथुर से बदलकर वंशिका माथुर पुत्री श्री विनोद माथुर कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता-43 केसर नगर-ए, मुहाना मंडी रोड, सांगानेर, जयपुर

मैं नम्बर 16015725A हव. शंकर सिंह शेखावत पुत्र देवी सिंह निवासी-ग्राम हुडील, तहसील नावासिटी, नागौर, राज. आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम Youraj Singh Shekhawat गलत दर्ज है, सही नाम Yuvraj Singh Shekhawat, vide affidavit dated 06.01.2023 Jaipur.

मैंने अपना नाम इस्लामुद्दीन पुत्र मोईनुद्दीन से बदलकर इस्लामुद्दीन खान रख लिया है भविष्य में मुझे इस्लामुद्दीन खान के नाम से जाना जावे। पता-853, काजी का नला, लोहारो का खुर्रा चौकडी तोपखाना हुजूरी घाटगेट, जयपुर

मैंने अपना नाम अजय सिंह से बदलकर अजय सिंह शेखावत पुत्र शिव कुमार सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे अजय सिंह शेखावत के नाम से जाना जावे। पता-67, कृष्णा नगर, शेखावत मार्ग, सिरसी रोड, जयपुर

मैंने अपना नाम विजय सिंह से बदलकर विजय सिंह राठौड़ पुत्र स्व. रघुनाथ सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे विजय सिंह राठौड़ के नाम से जाना जावे। पता-67, कृष्णा नगर, शेखावत मार्ग, सिरसी रोड, जयपुर

में भव्य श्रीमाल मैंने अपने पुत्र का नाम कनिष्क श्रीमाल से बदलकर कनिष्क जैन रख दिया है भविष्य में उसे नये नाम से जाना जावे, 702 करन उपासना रेजीडेन्सी-4 पीलवा गार्डन M.D. रोड जयपुर

मेरी मार्कशीट में मेरा नाम नरेश कुमार व आधारकार्ड में नरेश कुमार अगरवाल गलत दर्ज है। मेरा वास्तविक नाम नरेश कुमार अग्रवाल है। भविष्य में मुझे नरेश कुमार अग्रवाल पुत्र रामअवतार अग्रवाल निवासी-एच-37-ए पहला, शिव पथ, संजय कॉलोनी, आरपीए मार्ग, पानीपेच, जयपुर के नाम से जाना जावे।

मैं कंचन देवी धर्मपत्नी नायब सूबेदार चंद्रबली प्रसाद का मेरे पति के सेना रिकॉर्ड में नाम कंचना देवी है जो कि गलत है। मेरा नाम कंचन देवी है, यही सही है।